परेशानी | पनागर में घंटों गुल रही बिजली, जनता में भारी आक्रोश

# हवा-तूफान का बहाना या विभागीय लापरवाही..?



**पनागर, नवभारत।** पनागर क्षेत्र की चरमराई विद्युत व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है।

मुख्य सब-स्टेशन से जम्पर आउट होने और ए.बी. स्विच से भी जम्पर उड़ जाने के कारण शाम लगभग 4:50 बजे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अचानक हुई इस तकनीकी खराबी के चलते घंटों तक क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### जनता बोली- बिल पूरा, फिर सुविधा अधूरी क्यों

क्षेत्रीय नागरिकों ने विभाग के अधिकारियों और प्रशासन से मांग की है कि बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे हर महीने नियमित रूप से बिजली बिल जमा करते हैं, लेकिन बदले में उन्हें भरोसेमंद बिजली सेवा नहीं मिल पा रही है।लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर कब तक विभाग हर समस्या के पीछे हवा-तूफान और तकनीकी खराबी का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बचता रहेगा। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अघोषित कटौती और खराब व्यवस्थाओं पर रोक नहीं लगाई गई, तो जनता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

### 5 किलोमीटर का क्षेत्र भी नहीं संभाल पा रहा विभाग

स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि पनागर विद्युत विभाग महज कुछ किलोमीटर के सीमित क्षेत्र की व्यवस्था भी सुचारु रूप से संभालने में नाकाम साबित हो रहा है। बिजली कटौती होते ही विभाग की ओर से हर बार अलग-अलग बहाने सामने आ जाते हैं। कभी जम्पर उड़ने की बात कही जाती है, तो कभी पेड़ों की टहनियां, पोल खराबी या सामान्य हवा-तूफान को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है।

### आमजन हो रहे हलाकान

लोगों का कहना है कि बार-बार की तकनीकी खराबियां विभाग की लापरवाही और कमजोर रखरखाव व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। गर्मी के इस मौसम में लगातार बिजली बाधित रहने से घरों, दुकानों और छोटे व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तेंदुआ शावक की मौत

**चिल्हारी नवभारत 17 मई।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक तेंदुए की मौत हो गई है। मृत जीव का शव गत दिवस मझौली बीट में पाया गया। जानकारी के मुताबिक दुर्गन्ध के कारण गश्ती दल का ध्यान उस ओर गया। जब झाडियों में पडताल की गई तो वहां एक नर तेंदुआ शावक मृत अवस्था मे मिला। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। एनटीसीए और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक कार्यालय के निर्देशानुसार तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को सुरक्षित किया गया। डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर की सहायता से घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र की जांच की गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वन्यजीव चिकित्सक डॉ. राजेश तोमर और डॉ. विपिन चंद्र आदर्श ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय, परिक्षेत्र अधिकारी अंजू वर्मा, तहसीलदार सनत कुमार सिंह, एनटीसीए प्रतिनिधि अक्षय दलवी, पनपथा के सरपंच मूलचंद्र जायसवाल तथा अमले की मौजूदगी में की गई।




# सांसद ने संवाद कर जानी आमजनों की समस्याएं

सांसद का पनागर विधानसभा के पश्चिम मंडल की ग्राम पंचायतों का प्रवास

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने पनागर विधानसभा अंतर्गत पनागर पश्चिम मंडल की विभिन्न ग्राम पंचायतों का प्रवास कर ग्रामीणजनों से प्रत्यक्ष संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की समस्याओं, सुझावों एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं को गंभीरता पूर्वक सुना।

प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद दुबे ने बरोदा, भिडारीकला, कोहानी (नुनियाकला पंचा), बम्हनोदा (बम्हनोदी), उर्दुवाकला (पौरुआ), मनकवारा (बिझना), सिंगौद, खमरिया, लीटी, तिवारीखेड़ा, रेपुरा एवं मोहानिया ग्राम पंचायतों का दौरा किया। सिंगोद में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के साथ भोजन कर आत्मीय संवाद भी किया। ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने प्रमुख रूप से पेयजल, विद्युत, कृषि, स्वास्थ्य तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित विषय सांसद के समक्ष रखे। सांसद दुबे ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।

### विकास के कार्यों को गति देना उद्देश्य


प्रवास कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंवाद के माध्यम से विकास कार्यों को गति देना एवं शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सफलतापूर्वक पहुँच सके, इसे सुनिश्चित करना रहा। प्रवास के दौरान विधायक इंदु तिवारी,अंकुर जैन,प्रदीप पटेल, आनंद सिंघई, शैलेंद्र साहू, सुशील चौबे, दीनदयाल पटेल, गोवर्धन खेटपाल, रामनिवास गौतम, शैलेन्द्र पटेल, राजेन्द्र पटेल, पुष्पराज त्रिपाठी, अनिल तिवारी, विजय सिंह बघेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला-मंडल पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# जनगणना के प्रथम चरण का कार्य पूरा, कुण्डम विकासखंड बना नंबर वन

**नवभारत,जबलपुर।** जिले में कुण्डम विकासखंड जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत कार्य पूर्ण करने वाला पहला जनगणना विकासखंड बन गया है। इस दुर्गम और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र में प्रशासनिक सजगता और टीम वर्क के बदौलत कुण्डम ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक मिसाल पेश की है।

कुण्डम विकासखंड के अंतर्गत आने वाली सभी 68 ग्राम पंचायतों के कुल 199 गांवों में फैले 251 एचएलबी के लक्ष्य को रिकॉर्ड समय में हासिल किया गया। इस अभियान को पूरा करने के लिए 187 प्रगणक और 31 पर्यवेक्षकों की समर्पित टीम दिन-रात तत?पर रही, जबकि आपात स्थिति के लिए 19 प्रगणक और 3 पर्यवेक्षकों को रिजर्व में रखा गया था। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को समय सीमा से पहले सफ़लतापूर्वक पूरा करने में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रगति गणवीर और चार्ज अधिकारी व तहसीलदार वीर बहादुर धुर्वे के कुशल निर्देशन में इस कार्य को संपन्न कराया गया।



## 20 मई से होगा गंज खमरिया में श्रीराम अर्चन यज्ञ

**बेलखाड़ू, नवभारत।** कटंगी रोड पर बोरिया से पूर्व दिशा में अंदर 2 किलोमीटर ग्राम गंज खमरिया में स्थित हनुमत आश्रम बर्राधाम में 20 मई को कलश शोभायात्रा के साथ श्रीराम अर्चन यज्ञ पूजन प्रारंभ होगा। यज्ञ के संबंध चौ. चंद्रिका प्रसाद पटेल ने बताया कि शोभायात्रा, मंडप प्रवेश, रामायण पूजन, दोपहर में प्रवचन एवं शाम 6 बजे से रामलीला मंचन आदि तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन होगा।

# घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग की दी गई अहम जानकारी

ग्राम पंचायत निभौरा में आयोजित ग्राम परिसंवाद कार्यक्रम

**नवभारत, जबलपुर।** ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत निभौरा जनपद पंचायत पनागर में किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, जनपद पंचायत सदस्य राहुल रजक, सरपंच जागेश्वर केवट, पंच, ग्राम पंचायत सचिव अनुराग केवट अनीता केवट आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा देववती केवट एवं ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

विदित हो कि ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन सोलंके एवं कार्यकारी अध्यक्ष शुभम रंगारी के आदेशानुसार गांव-गांव में जाकर जन जागरूकता के कार्यक्रम किए जा रहें है। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों को जगाने और जागरूक करने की दृष्टि से ग्राम में गांव परिसंवाद के माध्यम से फाउंडेशन द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर घरेलू गैस सिलेंडर का उचित उपयोग की जानकारी दी जा रही है। लोगों को बताया जा रहा है कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग घर पर ही करें एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर व्यावसायिक गैस सिलेंडर का ही उपयोग करें। साथ ही महिलाओं को घरेलू गैस सिलिंडर के रिसाव से आग से बचाव की जानकारी दी जा रही है।





### अतिथियों का किया गया सम्मान

गांव परिसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जागेश्वर केवट, सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता जैसे कार्यक्रम कर गांव के लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर के प्रति जागरूक करना एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार श्रीवास, ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के प्रदेश प्रमुख संदीप गुप्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर मंचासीन अतिथियों का ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के नेतृत्व में में स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। गांव परिसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं ग्राम वासियों का आभार गजराज केवट उप सरपंच ने व्यक्त किया। मौके पर ग्राम पंचायत सचिव अनुराग केवट आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हरिबाई केवट, आशा कार्यकर्ता देववती केवट, अनसील सेन, जितेंद्र प्रजापति, लक्ष्मी प्रजापति, शिवकुमार, ग्राम पंचायत कोटवार सहित समेत एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीण मौजूद थे।

# नया जिलाध्यक्ष, सदस्यता सहित संगठन मजबूती रहे प्रमुख मुद्दे



महिला कांग्रेस प्रभारी ने ओरिया में ली महिलाओं की बैठक

**बेलखाड़ू, नवभारत।** महिला कांग्रेस की प्रभारी सौम्या रांधेलिया एवं सह प्रभारी सीमा चौधरी जबलपुर ग्रामीण महिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुईं। बैठक का आयोजन ओरिया ग्राम में श्रीमती विनीता सिंह यादव के बायपास स्थित निवास कार्यालय पर किया गया।

बैठक में महिला कांग्रेस को और मजबूत करने, महिला कांग्रेस की सदस्यता अभियान तेज करने सहित महिला कांग्रेस की जबलपुर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति जैसे प्रमुख विषयों पर गंभीरता से चर्चा हुई। महिला प्रभारी ने सभी कांग्रेसी महिलाओं से वन टू वन अलग अलग बात करते हुए वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। सभी महिलाओं ने गर्मजोशी से दोनों महिला

### प्रभारियों का किया स्वागत

मझोली क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं अर्चना दहिया के साथ आई और मिलकर अपनी बात रखी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित विनीता सिंह यादव, संगीता त्रिपाठी, मनीषा अवस्थी, रुक्मिणी गोटिया, मुन्नी बाई, उमा ऊईके, अर्चना दाहिया, मंजू मिश्रा, मंजू दाहिया, अदिति कटारिया,काजल केवट, कीर्ति केवट, मुस्कान दुबे, कौशल्या रजक, राजकुमारी रजक, दिव्या मिश्रा, विनीता मिश्रा, रमा धुर्वे सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के अंत में विनीता सिंह ने सभी का आभार माना।

### काला डूमर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक



**बेलखाड़ू, नवभारत।** रविवार को बेलखाडू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत ग्राम कालाडुमर में एक वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि जिला कॉंग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, विशिष्ट अतिथि पनागर विधानसभा प्रभारी विवेक पांडे रहे। बैठक में विभिन्न बिंदुओं का एजेंडा तैयार किया गया था जिसके तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्य विभाजन, मंडलम अध्यक्ष, पंचायत स्तर पर संवाद, बीएलए 2 के माध्यम से मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित भविष्य में किये जाने वाले आंदोलनों की रूपरेखा पर चर्चा प्रमुख रही।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, विनीता यादव, रिंकू तिवारी, एड. राजेश पटेल, प्रवीण चौबे, सत्येंद्र चौबे, अमन गोस्वामी, बेलखाडू ब्लॉक अध्यक्ष अजीत परिहार, पवन बमबम सोनी, नीतेश पटेल, शुभम पटेल, दशरथ पटेल, राकेश नामदेव, अमन महेरे, जितेन्द्र पटेल, संजय सोनी, धर्मेंद्र पटेल, रोहित पटेल, सोनू पटेल, नीलेश साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# आस्था के प्रतीक प्राचीन 'रामसागर तालाब' का कायाकल्प

युवाओं से लेकर बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों ने बढ़-चढ़कर किया श्रमदान

**जबलपुर, नवभारत।** प्रदेश भर में चलाए जा रहे जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 19 मार्च से संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जनपद पंचायत सिहोरा के गोसलपुर में स्थित ऐतिहासिक रामसागर तालाब का कायाकल्प देखने को मिल रहा है। कई दशकों से उपेक्षा का शिकार रहा यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का तालाब अब पुन: अपनी पहचान प्राप्त कर रहा है।

ग्रामीणों की आस्था से जुड़ा यह प्राचीन तालाब समय के साथ उपेक्षा का शिकार हो गया था। पूरे गांव की गंदगी, कचरा, नालियों का दूषित पानी तथा पूजन एवं हवन सामग्री लगातार तालाब में मिल रही थी, जिससे इसका पानी दूषित, जहरीला एवं सड़ चुका था। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि तालाब में वर्षों से जमा प्लास्टिक, गाद (कीचड़) और जलकुंभी को हटाना आसान नहीं था। पानी की दुर्गंध के बीच कार्य करना बेहद कठिन था, लेकिन सभी का हौसला मजबूत था। युवाओं से लेकर बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों तक सभी ने बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। लगातार नौ सप्ताह तक चले अथक परिश्रम, जीवटता, जुनून और सामूहिक प्रयासों का परिणाम यह हुआ कि जो तालाब कभी बदबू मार रहा था, वह आज साफ, सुंदर और स्वच्छ नजर आने लगा है।

# प्रकृति और जल संरक्षण का लिया संकल्प

मां हिरन नदी जल संवर्धन यात्रा का ग्राम पथरिया में आगमन



**जबलपुर, नवभारत।** मां हिरन नदी जल संवर्धन अभियान के तहत निकाली जा रही सामाजिक एवं सांस्कृतिक जन जागरूकता यात्रा आज विकासखंड शहपुरा के ग्राम पथरिया (भैरोघाट) पहुंची, जहां स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मां हिरन नदी का पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।

इस अवसर पर पर्यावरण और नदी संरक्षण को लेकर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रकृति को बचाने और जल स्रोतों को सहेजने पर गहरा मंथन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जनपद अध्यक्ष ने नदी के अस्तित्व को बचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए, तट पर स्थित ऐतिहासिक बट वृक्ष की जड़ों के कटाव को रोकने के लिए जन भागीदारी से सहयोग करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही ग्राम सरपंच सरिता शिलकुमार जैन ने भी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है, इसलिए हम सभी को मिलकर जल संवर्धन के प्रयासों को जमीनी स्तर पर उतारना होगा।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य नदी के पूरे मार्ग में आने वाले गांवों में जल संवाद कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटकों और विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को पानी के महत्व के प्रति सचेत करना है।

### लोगों से किया अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह

यात्रा के दौरान आयोजित मुख्य जनसभा में उपस्थित वक्ताओं ने स्थानीय नागरिकों को वर्षा जल संवर्धन, भूमिगत जल सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया। इस गरिमामयी और जागरूकता से भरे कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रितेश सिंह, रामसिंह ठाकुर, संदेश शुक्ला, राकेश जैन सहित एसडीएम शहपुरा, तहसीलदार एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और भारी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुनीत कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिया।

कार्रवाई | एक वर्ष से संजीवनी क्लीनिक में नियुक्त थे, चयन प्रक्रिया में मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन का फर्जी प्रमाण पत्र लगाया था

# फर्जी डॉक्टरों का भंडाफोड़, 2 गिरफ्तार, 1 अभिरक्षा में





**नवभारत दमोह 17 मई।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सुभाष कॉलोनी दमोह में संचालित संजीवनी क्लीनिक में फर्जी एमबीबीएस डिग्री और रजिस्ट्रेशन के आधार पर नौकरी कर रहे दो फर्जी डॉक्टरों को दमोह पुलिस ने गिरफ्तार किया है और एक अन्य आरोपी को जबलपुर से अभिरक्षा में लिया गया है.

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) 16 मई को सीएमएचओ कार्यालय से जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ. जांच में सामने आया कि डॉ. कुमार सचिन यादव निवासी ग्वालियर व डॉ. राजपाल गौर निवासी सीहोर ने चयन प्रक्रिया में फर्जी व कूटरचित एमबीबीएस डिग्री, मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज लगाए थे.

### आम जनता के स्वास्थ्य से किया खिलवाड़

इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दोनों करीब एक वर्ष से संजीवनी क्लीनिक में नियुक्त थे. आरोपियों ने शासकीय संस्था को धोखा देकर अवैध लाभ प्राप्त किया और आम जनता के स्वास्थ्य व जीवन से गंभीर खिलवाड़ किया.

### आरोपियों पर मामला दर्ज

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया.

### भोपाल की संस्थाओं की भूमिका भी संदिग्ध

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया कि डॉ. अजय मोर्य को जबलपुर संजीवनी अस्पताल में कार्यरत था. पूछताछ में पैसा लेकर फर्जी एमबीबीएस डिग्री, डॉक्टर रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले कई लोगों के नाम सामने आए हैं. पुलिस की टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं.फर्जी डिग्री के आधार पर राज्य स्तरीय संस्था के माध्यम से नियुक्ति कराना गंभीर विषय है. इसमें भोपाल स्तर की संस्थाओं की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है.

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, उनि. नीतेश जैन, सउनि. रमाशंकर मिश्रा, प्रआर. सौरभ टंडन, प्रआर. राकेश अठ्या, प्रआर. हेमंत अवस्थी, प्रआर. अभिषेक चौबे, प्रआर. महेश यादव, प्रआर. अजीत दुबे, आरक्षक ओमप्रकाश रैकवार, आरक्षक ब्रजेन्द्र मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही.